नैतिक मुल्य द्वारा विश्व में स्वर्ण युग की स्थापना होगा - दादी जानकी

कटकः विश्व शान्ति सरोवर रिट्रिट् सेन्टर में कटक सबजोन निर्द्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमलेश दिदी की अध्यक्षता द्वारा दिव्य समर्पण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में महा तपस्विनी दादी जानकीजी के सानिध्य में ३१ बहनों की समर्पण समारोह मनाया गया। इसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उषा दिदी, माउंट आबु, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हंसा दिदी, ब्रह्माकुमारी जेमिनी दिदी, लंदन, ब्र.कु मनोरमा दिदी, प्रयागराज, ब्र.कु. रजनी दिदी, आसाम, ब्र.कु. मंगला दिदी, बुराहनपुर, ब्र.कु.सिला दिदी, मंडी हिमाचल प्रदेश एबं उडिसा प्रांत के अलग अलगा सबजोन के संचालिका बहनें उपस्थित थे। इसमें झांजिरीमंगला प्रभु समर्पण भवन में आमंन्त्रित ब्र.कु. भाई बहनो का सम्मान समारोह किया गया। समर्पण समारोह कार्यक्रम दौरान ३१ सजीसजाई गाडी में भव्य प्रसेसन कार्यक्रम हुआ। सर्मर्पित ३१ बहनो की लोकिक माता-पिता को ब्र.कु. कमलेश दिदी ने आदरपूर्वक सम्मानीत किया। ब्रह्माकुमारी सुलोचना दिदी ने कुमारीओं को प्रतिज्ञा पत्र पाठ करवाया।

कार्यक्रम के दौरान **“God’s Power for Golden Age”** का महासम्मेलन रखा गया था । इसमें मुख्य अतिथि के रूप में आन्ध्र प्रदेश के राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन जी उपस्थित रहे। उसने अपने वक्तव्य में कहा देश में बढती हुई अराजकता, अशान्ति, असामाजिक कार्य व्यभिचार, संघर्ष तथा नारी पिडन का मूल कारण हमारा सामाजिक व्यवस्था में निती और आदर्श एवं नैतिकता का गीरावट। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण संस्था के प्रमुख महा तपस्विनी दादी जानकीजी अपनी आर्शीवचन में कहा कि हम सब

आत्मा एक परमात्मा के संतान यह स्मृति सदा याद रहे तो स्व में और विश्व में शान्ति स्थापना हो जाएगा। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में मांउट आबु से पधारे राजयोगिनी ब्र.कु.उषा दिदी उपस्थित थे। इसमें स्थानीय विधायक श्री अरविंद ढाली, विधायक नवचरण माझी, उडीशा लोकायुक्त सदश्य ड. देवव्रत स्वाईं, वरिष्ठ साम्बादिक तथा स्तम्भकार भ्राता अरूण पण्डा, इस कार्यक्रम का संचालन प्रयागराज के ब्र्ह्माकुमारी मनोरमा ने किआ। इसमें एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किआ गया। अन्त में ब्रह्माकुमार नथमल आये हुए मेहमानों का धन्यवाद अर्पण किया।